म०प्र० कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) - 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

M.P. EMPLOYEES SELECTION BOARD

परीक्षा-परिणाम

पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2025 (प्रथम चरण)

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 30.10.2025 से
15.12.2025 तक

परीक्षा परिणाम तिथि : 25 जनवरी 2026

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

25/Jan/26

25/01/26

25/1/26.

म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा–2025 (प्रथम चरण) का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 30.10.2025 से 15.12.2025 तक म.प्र. के 11 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन में पुलिस मुख्यालय, गृह विभाग (पुलिस), मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग (कार्यपालिक) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा–2025 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है:–

1. पुलिस मुख्यालय द्वारा अंतिम रूप से उपलब्ध कराए गए सीधी भर्ती के कुल 7500 रिक्त पदों हेतु ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया था। कुल 59438 अभ्यर्थी द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए पात्र हुए हैं।
2. परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत Percentile के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
3. पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए नियम के अनुसार परीक्षा परिणाम की रोल नंबर क्रम में सूची, आरक्षण संबंधी समस्त नियमों के आधार पर तैयार कर चयन समिति की अनुशंसा हेतु पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जायेगी। श्रेणी अनुसार 7 गुना संख्या में अंतिम उम्मीदवार के बराबर अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को द्वितीय चरण की परीक्षा का अवसर दिया गया है, भले ही कुल संख्या 7 गुना से अधिक हो जावे।
4. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम में सभी अभ्यर्थियों के Percentile नहीं दर्शाए गए हैं। चयन परीक्षा के समस्त चरण सम्पन्न होने के पश्चात् अभ्यर्थियों के Percentile का विवरण ई.एस.बी. की वेबसाइट पर प्रदर्शित/उपलब्ध कराया जायेगा।
5. द्वितीय चरण के लिए योग्य आवेदकों की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों इत्यादि का सत्यापन व परीक्षण पुलिस मुख्यालय स्तर से किया जायेगा।
6. परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम, द्वितीय चरण हेतु पात्र आवेदकों की पी.डी.एफ. प्राप्त कर सकते हैं।
7. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।
8. नियमपुस्तिका के नियम क्रं. 2.9(अ) पृष्ठ क्रं. 41 में उल्लेखित बिंदू क्रं. 12 ''परीक्षा उपरांत, परीक्षा संबंधी डाटा का सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर आवेदकों की गतिविधि असामान्य परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी को यू.एफ.एम. श्रेणी मान्य कर उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जायेगी।'' के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

भोपाल,
दिनांक : 25 जनवरी 2026

25/1/26.
नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल

25/Jan/26

25/01/2026